प्रेस नोट 16/02/2021

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा दिनांक 15.02.21 सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मिर्जापुर नहर पुलिया के पास से मुस्तफा उर्फ फैजान पुत्र नबी रसूल निवासी भीखमपुर थाना चिरैयाकोट मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 24/21 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

थाना घोसी पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.02.21 सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नंदवासराय मोड़ के पास से मु0अ0सं0 99/21 धारा 354क,506 भादवि व 5/6 पोस्को एक्ट में वांछित अभियुक्त वीर बहादुर पुत्र अनिल कुमार निवासी पकड़ी खुर्द थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

शांति भंग की आशंका में 09 व्यक्ति व एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद के विभिन्न थानों द्वारा आज दिनांक 16.02.2021 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा रमाशंकर निवासी औरंगाबाद थाना दक्षिणटोला, थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा महेन्द्र, विरेन्द्र, अखिलेश व डीएम यादव निवासीगण मनाजीत थाना चिरैयाकोट, थाना घोसी पुलिस द्वारा रिजवान अहमद व युनूस परवेज निवासीगण खानपुर खुर्द थाना घोसी, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा लालमोहन निवासी चिश्तीपुर, नीरज यादव निवासी सोड़सड़ थाना कोपागंज को शांति भंग की आशंका में धारा 151 सीआरपीसी के अर्न्तगत व थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त महिपाल चौहान पुत्र दधीवल निवासी चौहान बस्ती थाना हलधरपुर मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।